कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक: शिविरा–माध्य/विजॉच/प्राजा/प्रबोधन/विविध/19/1 दिनांक: 5/5/19

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक,
....

विषय: जॉच प्रतिवेदन/अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव लेकर निदेशालय में उपस्थित होने के क्रम में ।

उपरोक्त विषय में लेख है कि आपको इस कार्यालय द्वारा माह फरवरी 2019 में बकाया प्राथमिक जांच के प्रकरणों की सूची प्रेषित कर सूची में वर्णित प्रकरणों की 15 दिवस में प्राथमिक जांच /अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए थे परन्तु इतना समय व्यतीत हो जाने के उपरांत वांछित का जांच प्रतिवेदन/ अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव आप द्वारा प्रेषित नहीं किए गए हैं । प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण नहीं होने पर विभाग को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पडता है ।

अतः निर्देशित किया जाता है कि आपको सुपुर्द प्राथमिक जांच की पत्रावलियां मय वांछित जांच रिपोर्ट/ अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव/अपेक्षित सूचना निम्नांकित बिन्दुओं के अनुसार आप स्वयं एवं अपने कार्यालय के संबधित लिपिक के साथ संलग्न सूची में आपके जिले के सामने अंकित दिनांक को इस कार्यालय में प्रातः 10.00 बजे आवश्यक रूप से उपस्थित होवें ।

1–प्राथमिक जांच के प्रत्येक प्रकरण में निदेशालय की प्रकरण पंजिका से आपको प्रेषित अंतिम पत्र का संदर्भ अंकित करते हुए वांछित सूचना / मूल जांच रिपोर्ट/ अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव साथ लावें । प्रत्येक प्रकरण का अग्रेषण पत्र अलग–अलग होना आवश्यक है ।

2–जांच प्रतिवेदन का निष्कर्ष एवं अपना स्पष्ट अभिमत आवश्यक रूप से अंकित करें ।

3–अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव पूर्ण हो एवं अपचारी अधिकारी/कर्मचारी का अभिकथन के आधार पर परिशिष्ठ स की पूर्ति की जावें । आरोपों की पुष्ठ करने वाले समस्त दस्तावेज आप द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक है ।

4–प्रत्येक प्रकरण में अग्रेषण पत्र के साथ चैकलिस्ट साथ लावें ।

संलग्न–निर्धारित सूची

6/5/19

www.rajteachers.com

अतिरिक्त निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय का पता – निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर फोन – 0151–2522230
email – ad.deptenq.dse@rajasthan.gov.in Fax – 0151-2201861

Other

: :– कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर में प्राथमिक जांच के प्रकरणों के संबंध में जिशिअ (मुख्यालय) माध्यमिक को जिले के सामने अंकित तिथि को उपस्थित होने बाबत कार्यक्रम विवरण : :–

दिनांक	जिले का नाम
20.05.19	बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर
24.05.19	हनुमानगढ़, जैसलमेर, बांसवाड़ा
27.05.19	चूरू, अजमेर, डूंगरपुर
28.05.19	झुंझुनू, भीलवाड़ा, राजसमन्द
29.05.19	सीकर, नागौर, प्रतापगढ़
30.05.19	पाली, टोंक, कोटा
03.06.19	जालौर,जयपुर,बूंदी
04.06.19	सिरोही, अलवर, बारां
10.06.19	दौसा, झालावाड़
11.06.19	भरतपुर, श्रीगंगानगर
12.06.19	करौली, बाड़मेर
14.06.19	सवाई माधोपुर
17.06.19	धौलपुर
18.06.19	चित्तौड़गढ़

www.rajteachers.com

अतिरिक्त निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर